nandgaon times JULAI-04-1.qxd 7/3/2025 10:32 PM Page 1

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


शुक्रवार, 04 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 254, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए






# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा

## बस्तर से सरगुजा तक डिजिटल क्रांति का विस्तार, 5000 मोबाइल टावर का लक्ष्य तय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकसित भारत 2047 के साथ विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्यों को पूर्ण करने एवं सहज, सरल, त्वरित और पारदर्शिता के साथ सुचारू शासन की दिशा में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों, विशेष रूप से बस्तर एवं सरगुजा संभागों में नए मोबाइल टॉवर लगाने तथा फाइबर नेटवर्क लाइन बिछाने जैसे कार्यों में तेजी लाई जाए। आने वाले समय में राज्य में समय सीमा के भीतर चरणबद्ध रूप से 5,000 से अधिक मोबाइल टॉवर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 के माध्यम से वर्तमान में विभिन्न विभागों की 85 ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार करते हुए 250 अन्य ऑफलाइन सेवाओं को भी ऑनलाइन सेवाओं में तब्दील किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे ही ऑनलाइन प्राप्त होगा, तो इससे समय की बचत होगी तथा कार्यालय आने-जाने में होने वाला खर्च भी कम होगा। इसके साथ ही टीयर-थ्री के अनुरूप स्टेट डाटा सेंटर को अपग्रेड करने की भी बात कही गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में प्रदेश में विभाग द्वारा संचालित प्रमुख परियोजनाओं—अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, नियद नेल्लानार एवं रु.ह्णु.श्व. सैचुरेशन डैशबोर्ड, भारतनेट फेस-2, छत्तीसगढ़ स्टेट डाटा सेंटर , आधार एनरोलमेंट इन-हाउस मॉडल, ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0, सीजी स्वान, ई-प्रोक्योरमेंट तथा कैपेसिटी बिल्डिंग सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक ने विगत सवा साल में विभाग द्वारा अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विगत 4 वर्षों से लंबित डाटा सेंटर के अपग्रेडेशन की निविदा प्रक्रिया पूर्ण की गई, खनिज 2.0 पोर्टल का गो लाइव किया गया, वाई-फाई मंत्रालय योजना तथा ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल सफलतापूर्वक शुरू हुए। भारतनेट फेज-2 परियोजना का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया एवं अटल मॉनिटरिंग पोर्टल डैशबोर्ड का निर्माण कर 19 विभागों की 100 योजनाओं के ्यक्क्ढ्ढ इसमें प्रदर्शित किए गए हैं। इस बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रभात मलिक सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


# निर्माण कार्यों में रेत की कमी डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकास निर्माण कार्यों में रेत की कमी को लेकर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल व परिवहन संघ के अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने ठेकेदारों के साथ मिलकर स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि रेत की कमी के चलते विकास निर्माण कार्यों में विलंब हो रहा है। जिसको लेकर श्री सिंह ने आश्वासन दिया है।श्री बिंदल ने बताया कि नगर पालिक राजनांदगांव में वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्य एवं निकट समय में जारी किये गये कार्यदेशो के संबंध में लेख है कि शासन द्वारा रेती खनन 16 जून 15 अक्टूबर तक प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में चल रहे निर्माण कार्यो व चालू किये जाने वाल निर्माण कार्यों में रेटी की अनुउपलब्धता होगी। निर्माण एजेन्सीयो के द्वारा रेती की व्यवस्था कर पाना असंभव है। जिसके कारण निर्माण कार्यों में विलंब होना स्वाभाविक है। शासन के द्वारा जारी निर्देशों के परिपेक्ष में नियमो का पालन करते हुए निर्माण कार्यों को प्रतिवधित समय में स्थागत करना होगा । एवम् पुनः रेत खदान प्रारंभ होने पर ही निर्माण कार्य चालू किया जाना संभव होगा। उन्होंने मांग की है कि शासन के दिशा निर्देशो के परिपालान में समस्त जारी कार्यदेशो में 4 माह का अतिरिक्त समयावधी प्रदान की जावे। इस दौरान मुख्य रूप से कॉन्टैक्टर संगठन के जिला अध्यक्ष संजय सिंघी, जिला सचिव आलोक बिंदल, नरेन्द्र यादव, निखिल दास, किसुन यदु, संजय सोनी, शरद अग्रवाल, शीतल साहू, विकेश शर्मा, रविराज, सूरज कन्नौजे, अब्दुल रहीम, हेमराज साहू, हिमांशु सोनवाने, अमन यादव, आशीष चोपड़ा, सूरज कन्नौजे, हरीश शर्मा, सुरेश सिन्हा, नोहर सिन्हा, प्रवीण चक्रधारी, मनोज सिन्हा, योगेंद्र पांडे, कैलाश अहिरवार, गौरव खंडेलवाल, उत्तम जैन, अरुण शुक्ला, अतुल अग्रवाल, दिनेश जेवरानी, कमल सिन्हा, पीयूष शर्मा, समीर श्रीवास्तव, निक्कू सिंह अंकित सिंह, तीरथ यादव ,नीतीश श्रीवास्तव, अंकित, गढ़ेंवाल,नरेश रामटेके, नवीन अग्रवाल, इमरान बीवा, अरविन्द शर्मा,उज्जवल कसेर आदि उपस्थित थे।



# तेजकरण के अखबारों का संकलन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स हेतु प्रस्तावित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जैनाचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के 58 वें मुनि दीक्षा दिवस के अवसर पर होटल राज इंपिरियल के पार्लियामेंट गैलरी में आचार्य श्री के समाधि (महाप्रयाण) के प्रकाशित समाचार वाले 12 भाषाओं के 609 अखबारों के संकलन की अनूठी प्रदर्शनी तेजकरण जैन द्वारा आयोजित की गई। यह प्रदर्शनी शहर के विशिष्ट नागरिकों की उपस्थिति में गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स 2025 में इस संकलन को नामांकित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। संकलन की प्रामाणिकता एवं गणना पदमश्री डॉ पुखराज बाफना, सबेरा संकेत सम्पादक सुशील कोठारी, होटल राज इंपिरियल के एम डी रोशन भाटिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। डॉ बाफना ने इस अद्भुत संकलन को प्रमाणित कर रिकॉर्ड में नामांकन हेतु प्रस्ताव दिया, श्री कोठारी ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया। गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स कमेटी ने मृत्यु अभिलेख की श्रेणी में इस संकलन को सबसे बड़ा होना स्वीकार कर पंजीयन दिया है।




संकलन कर्ता तेजकरण जैन ने हमारे संवाददाता को बताया कि पर्याप्त साक्ष्य एवं आवश्यक कार्यवाही पूर्ण होने के बाद गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नामांकन की पूर्ण संभावना है।

# गढ्ढे में सड़क कि सड़क में गढ्ढा

## डोंगरगढ़ खैरागढ़ मुख्य मार्ग मैं अनेकों मौत के गढ्ढे



**डोंगरगढ़( नांदगांव टाइम्स ) ।** विकासखंड के ग्राम अछोली में डोंगरगढ़ खैरागढ़ मुख्य मार्ग में मत्स्य पालन विभाग( मछली बीज उत्पादक टंकी) के पास 1 से 2 फीट तक गढ्ढे हो गए हैं गढ्ढे इतनी खतरनाक है कि हल्की बारिश होने पर भी इसमें पानी भर जाते हैं और राहगीरों को सड़क में यह बड़े गढ्ढे पानी होने के कारण दिखाई नहीं दे रहे हैं जिसमें विगत 10 दिनों में 20 से 25 राहगीरों इस मौत के गढ्ढे में गिरकर जख्मी होना पड़ा है, उक्त मार्ग पर भारी भरकम वाहनों के फर्राटेदार रफ्तार से गढ्ढे का पानी स्कूली बच्चों एवं राहगीरों पर छींटे पड़ते रहागीर गढ्ढे में आए दिन गिरते हुए देखे जा सकते हैं वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी कर्मचारी रोजाना इस मार्ग से आवागमन करते है परंतु इस ओर ध्यान ना देकर आंखें मूंदकर बैठे बैठे है वही जिम्मेदार सक्षम अधिकारी फोन तक नहीं उठाते, सबसे बड़ी विडंबना की बात यह है कि ग्राम अछोली डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल का गृह ग्राम होने के बाद भी अछोली गांव की सड़क की ऐसी दुर्दशा है कि डोंगरगढ़ के विकास कार्य शैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहे हैं, उनके गृह ग्राम में राहगीरों को आए दिन मौत का सामना करना पड़ रहा है फिर कैसी विकास और कैसी सुविधा वहीं उक्त गढ्ढे के आसपास के घर वाले आए दिन जख्मी राहगीरों को 112 की तरह समाज सेवा कर उप स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे हैं! वही पीडब्ल्यूडी के अधिकारी आए दिन हो रहे दुर्घटना को लेकर सूचना देने एवं सडक मरम्मत की मांग करने पर मोबाइल नंबर पर संपर्क करते हैं तो फोन भी रिसीव करते हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि जिम्मेदार अधिकारियों को लोगों की जान का कोई फिक्र नहीं है. जो यक्ष सवाल बन कर रह गया है.



# सही दिशा में मार्गदर्शन युवाओं के कौशल और क्षमताओं को विकसित करने के साथ ही देता है आत्मविश्वास

## युवाओं को अपने भविष्य को संवारने एवं लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई महत्वपूर्ण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** युवाओं को अपने भविष्य को संवारने एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मदद तथा सही मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। सही वक्त में युवाओं को बेहतर लक्ष्य प्राप्त करने में मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन करता है, उनके कौशल और क्षमताओं को विकसित करने में मदद करता है तथा उन्हें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में भारतीय लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के अध्ययन स्तर, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं तैयारी के लिए युवाओं को लाभान्वित करने हेतु कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए् कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन 4 जुलाई 2025 को सुबह 11.30 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया है। कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 में चयनित श्री आकाश गर्ग, श्री आदित्य विक्रम, सुश्री पूर्वा अग्रवाल, श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री अंकित धवानी द्वारा जिले के युवाओं को लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं एवं विद्यालयों व महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।



# डॉ. रमन सिंह ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह ने प्रतिभावान छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किये। इस सम्मान समारोह में गायत्री विद्या मंदिर कंचनबाग राजनांदगांव के कक्षा दसवीं से सोलह विद्यार्थी एवं कक्षा बारहवीं से नौ विद्यार्थियों को यह सम्मान प्राप्त हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री के हाथों यह पुरस्कार प्राप्त कर बच्चें गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। इस अवसर पर राजनांदगांव के कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे जी, महापौर मधुसूदन यादव जी, खैरागढ़ के कुलपति एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही। शाला के प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू एवं समस्त शिक्षकगणों ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

nandgaon times JULAI-04-1.qxd 7/3/2025 10:32 PM Page 2



## चेतावनी के बाद भी नहीं माने तो हुई सख्त कार्रवाई : गांधी मैदान और रेवाबंध तालाब क्षेत्र से देवार समुदाय को हटाया गया

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कवर्धा शहर के गांधी मैदान एवं रेवाबंध तालाब क्षेत्र में लंबे समय से अनधिकृत रूप से डेरा जमाए देवार समुदाय के लोगों के विरुद्ध पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त कार्रवाई बुधवार सुबह अंजाम दी गई। इससे पहले मंगलवार को इन्हें स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि वे क्षेत्र खाली करें, परंतु कुछ लोग चेतावनी के बावजूद डटे रहे। आज 03 जुलाई 2025 की सुबह 6 बजे से कबीरधाम पुलिस और नगर पालिका कवर्धा की टीम ने सघन अभियान चलाकर सभी अस्थायी कब्जे हटाए और स्थल को पूरी तरह स्वच्छ कराया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में की गई। इस कार्रवाई में एसडीओपी कृष्णा चंद्राकर, कोतवाली प्रभारी श्री लालजी सिन्हा, नगर पालिका के अधिकारीगण मौजूद रहे।



## लोहारा पुलिस द्वारा देह व्यापार और शिकंजा कसा गया

पदमराज सिह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाखाटोला में लंबे समय से देह व्यापार जैसी अवैध गतिविधियों की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं, जिस पर पुलिस द्वारा लगातार सतर्क निगरानी रखी जा रही थी।




**जांच उपरांत ग्राम लाखाटोला निवासी**

1. ईतवारी खुटेल पिता रूगु पटेल, उम्र 40 वर्ष 2. श्रीमती ज्योति खुटेल पति ईतवारी खुटेल, उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी लाखाटोला, थाना सहसपुर लोहारा, के विरुद्ध देह व्यापार जैसी संगीन गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा क्रमांक 28/86/2025 तैयार कर एसडीएम न्यायालय लोहारा में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए जाने पर अनावेदक ईतवारी खुटेल को जिला जेल कवर्धा तथा अनावेदिका महिला को महिला जेल दुर्ग भेजा गया। कबीरधाम पुलिस द्वारा समाज को भ्रष्ट और अनैतिक गतिविधियों से मुक्त रखने हेतु प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस द्वारा ऐसे तत्वों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई एक करोड़ से अधिक कीमत की अवैध तंबाकू व पान मसाला सहित ट्रक जब्त

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** धारा 106 बीएनएसएस के तहत



संपत्ति जप्त, आगे की जांच जारी कबीरधाम पुलिस द्वारा एक और सशक्त और प्रभावशाली कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।जिसके तहत बिना वैध दस्तावेज के पान मसाला (गुटका) और च्युइंग तंबाकू सेभरी ट्रैक पर कार्यवाही की गई है।


**कार्यालय सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छ.स.बल, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 17वीं बटा./छसबल/क.पा./सा.अ./निविदा N-27/2025, कबीरधाम, दिनांक-07/07/2025

सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल, जिला-कबीरधाम छत्तीसगढ़ की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मोहर बंद निविदाएं प्रपत्र 'अ' से 'द' वर्ग या अधिक ठेकेदारों से 02 लिफाफा पद्धति, जिसमें लिफाफा 'अ' में अमानत राशि (ईएमडी) अथवा उससे छूट संबंधी प्रमाण पत्र तथा लिफाफा 'ब' में निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र, तकनीकि व अन्य दस्तावेज तथा निविदा प्रपत्र का होगा. निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | कार्य का नाम | कार्य स्थल | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्यपूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वाहिनी में अस्पताल भवन निर्माण कार्य | 17वीं वाहिनी छसबल, कैम्प-जैतपुरी/सरेखा कबीरधाम | 19.99 लाख | 19,990 | 04 माह |

01. चालान जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करन का अंतिम तिथि 05/08/2025
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 06/08/2025 के 15:00 बजे तक
03. निविदा खोलने की तिथि 06/08/2025 के 16:00 बजे तक

**नोटः-** निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु रू. 750/- को सेनानी 17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल, कबीरधाम के नाम से ÷लेखा शीर्ष 0055 एम.पी.आर. उपशीर्ष 800 अन्य रिसिप्ट में चालान के माध्यम से स्वीकार्य होगी। तथा निविदा पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट के द्वारा ही स्वीकार्य की जावेगी। निविदा से संबंधित अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरित कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

**सेनानी**
**17वीं (वि.भा.र.) वाहिनी छसबल,**
**जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

G- 252601897/2


## शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार लाने प्रशासन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार करने तथा सुगम आवागमन के लिए आज नगर निगम सभागृह में प्रशासन एवं व्यापारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, ए.एस.पी. श्री राहुल देव शर्मा सहित चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री आलोक बिंदल, प्रदेश मंत्री श्री तरूण लहरवानी व चेम्बर ऑफ कार्मस के जिलाध्यक्ष श्री कमलेश बैद के अलावा शहर के व्यापारिक क्षेत्र के पार्षद श्री शैंकी बग्गा, श्रीमती वर्षा सिन्हा, श्री प्रमोद झंझाडे, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा, संस्कारधानी समिति के अध्यक्ष श्री राजू डागा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री शरद अग्रवाल, फ्ल व्यापारी संघ से श्री संजय तेजवानी सहित व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।



बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि, शहर में व्यवस्थित यातायात तथा अतिक्रमण हटाने सड़क दुर्घटना रोकने जिलाधीश महोदय के निर्देश पर आज प्रशासन एवं व्यापारियो की पुन: बैठक आयोजित की गयी है, जिसमें शहर की जटिल यातायात समस्या का समाधान करने निर्णय लेना है। उन्होंने कहा कि गत बैठक में पार्किंग व्यवस्था, वन-वे तथा दुकान के सामने समान रखने व अतिक्रमण के संबंध में चर्चा कर सबकी सहमति से हल निकालने निर्णय लिया गया था। जिसमें आज क्रियान्वयन के लिए पुन: बैठक आयोजित की गयी है। ए.एस.पी. श्री राहुल शर्मा ने कहा कि शहर के लोगो को यातायात की जटिल समस्या से निजात दिलाना है। उन्होंने कहा कि वन-वे से सकरातमक राय आया है, लेकिन कुछ व्यपारियों को नुकसान होने की बाते भी आई है, आज की बैठक में इसका समाधान करना है। उन्होंने कहा कि हम सबको सामुहिक जिम्मेदारी लेकर काम करना होगा। पुत्री शाला, गंज चौक, आदि क्षेत्र में शहर के लिए पार्किंग चालू की गयी है। व्यापारियो ने कहा कि वन-वे से व्यापार में फर्क पड रहा है। बाजार क्षेत्र में ई- रिक्शा, थ्री व्हीलर आदि को प्रवेश देने न रोका जाए, अन्य स्थानों 5 मिनट से अधिक वाहन खडी न की जाए, जी.रोड के सर्विस रोड के किनारे नाली की हाईट कम की जाए, जय स्तम्भ चौक, मानव मंदिर चौक, बाजार क्षेत्र के लिए म्युनिस्पल स्कूल पार्किंग का उपयोग करने बढावा दिया जाए, दुकान क्षेत्र से बहार अतिक्रमण हटाया जाए व समान दुकान के रखा जाए। फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण हटाकर पार्किंग की व्यवस्था की जाए तथा ठेला खोमचा को शहर से हटाकर वही व्यवस्थापित किया जावे। बाजार क्षेत्र के पार्षदो ने भी व्यवस्था में सुधार के लिए अपने सुझाव रखे।

## सात दिनो के भीतर बारिश नही हुई तो अकाल की प्रबल संभावना

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** आषाढ़ बीत चुका है सावन आने में मात्र सात दिन बाकी है बावजूद इसके किसानों के खेतो में फसल के बजाय मिट्टिया ही दिखाई दे रही है पानी के विलम्ब हो जाने से क्षेत्र के किसानो का कृषि कार्य पूरी तरह पिछड़ चुका है। सात दिनों बाद यानि की सावन में किसान खेतो की बियासी भी कर लेते हे पर इस बार तो खेतो से बराबर अंकुर तक नही निकले है, अब से बीस दिन पूर्व क्षेत्र में सिर्फएक दि नही बारिश हुई थी किसान उसी एक घंटे की बारिश को मानसून की बारिश समझकर धान की बोआई कर दिये थे पर बोये बीजो में लम्बे समय तक पानी नही पड़ने से आशंका है कि कि बहुत से बीज खराब हो जायेंगे ।खरपतवार बढ़ेगी - पानी नही आने से खेतो में घास की मात्रा ज्यादा उग जायेगी, जो धान की फसल को कमजोर कर देगी साथ ही किसानों को इससे आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ेगी चूंकि बिना घास को साफकिये अच्छी फसल ली ही नही जा सकतीं । जलस्त्रोत ज्यों के त्यों - बारिश नही आने से ना तो बोर में पानी आ रहा है और न ही अब तक तालाब कुओं, नालों में पानी एकत्र हो चुका है। साधन सम्पन्न किसान भी मजबूर बेबस और लाचार नजर आ रहे है । बोर में भी जल स्त्रोत नही होने के कारण ये किसान भी ना रोपाई कर पा रहे है और ना ही लाईचोपी धान लगा पा रहे है। किसान भगवान भरोसे - शिवनाथ नदी के पूर्वी भाग में छुरिया विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले 23 ग्राम पंचायतों के 45 गावों में मात्र एक फसलीय उत्पादन ही किया जाता है खेतो तक पहुंचने पानी का कोई साधन किसानों के पास नही है। यद्यपि मटिया बांध छुरिया विकासखण्ड के राणा मटिया पंचायत में स्थित है पर इसके पानी का कोई लाभ विकासखण्ड के ग्रामीणों को नही मिल पाता है।



## आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजयुमो का प्रदेश स्तरीय मॉक पार्लियामेंट आयोजित





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आपातकाल की 50वीं बरसी के अवसर पर रायपुर में प्रदेश स्तरीय मॉक पार्लियामेंट का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भारत के 100 स्थानों पर आयोजित इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा हेतु युवाओं को जागरूक करना था। छत्तीसगढ़ प्रदेश से चयनित 70 विद्यार्थियों ने इस आयोजन में भाग लेकर मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीवंत प्रस्तुति दी, राजनांदगांव से भाग लेने वालो मे दिग्विजय कॉलेज से छात्र शिवम् यादव, संयम शर्मा ने मॉक पार्लियामेंट मे बात रखी । कार्यक्रम के विषय मर भाजयुमो राजनांदगांव जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया , 1975 में लागू किया गया आपातकाल कांग्रेस की तानाशाही सोच का प्रतिबिंब था। वह कालखंड भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नागरिक अधिकारों एवं न्याय की आवाज को कुचला गया। तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने सैकड़ों नेताओं को बिना किसी सुनवाई के जेल में डाल दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं से लोकतंत्र की रक्षा हेतु सदैव सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर आपातकाल की भयावहता को उजागर करते हुए यह संदेश दिया गया कि भारत की लोकतांत्रिक विरासत को किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। जिला युवा मोर्चा से रायपुर जाने वालो मे जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, प्रदेश पदाधिकारी नीरज यादव,अनुराग चौरसिया, दुर्गेश साहू, जिला महामंत्री दव्य गोलू सूर्यवंशी, डीकेश साहू, विवेक शर्मा, पिंटू वर्मा, देवा झा, ज्ञानेश गुप्ता,संयम शर्मा, आशुतोष सिंह,मनीष साहू,प्रखर श्रीवास्तव, सज्जा सिंह ठाकुर,सुमित मिश्रा, आदित्य पराते,अमित बोस, हिमांशु सेन, प्रहलाद भांचा,तिमेश साहू, सूरज नायक, अंशुल श्रीवास्तव,देवेंद्र वर्मा,नितेश नायक,हिमांशु सोनवानी,भार्गव राव, रोहित सिन्हा,संभव बैद,विकास साहू, आशीष सिन्हा, हरीश सोनवानी, मनीष यादव,कुशाल यादव, बाबू झा, सिद्धार्थ गौतम उपस्थित रहे।

## दिग्विजय स्टेडियम में 6 करोड़ रूपए की लागत से होगा मरम्मत एवं निर्माण कार्य

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिग्विजय स्टेडियम के रख-रखाव एवं मरम्मत का कार्य 6 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है। जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए दिग्विजय स्टेडियम के संचालन, व्यवस्था एवं रख-रखाव के लिए प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दिग्विजय स्टेडियम का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने दिग्विजय स्टेडियम के रख-रखाव, मरम्मत कार्य तथा विद्युत व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैडमिंटन हॉल, बास्केटबाल हॉल, कार्यालय कक्ष में एसी तथा प्रकाश एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराने कहा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में बने टेनिस कोर्ट को ठीक कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने दिग्विजय स्टेडियम की दीवारों में लगे रंगीन लाईट को सुधारने के लिए कहा। बिजली फिटिंग, लाईट, स्टेडियम के मरम्मत एवं निर्माण कार्य, साफ-सफाई, पेयजल सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया एवं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम के पीछे की जमीन को मापने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव शहर की पहचान है। जिले में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। स्टेडियम खिलाडियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। स्टेडियम में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, इंजीनियर श्री राजेश साहू एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## रातापायली के शिक्षकों को दी गई विदाई

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत माध्यमिक शाला रातापायली के शिक्षक एवं संकुल समन्वयक मेहन्दू राम पटेल एवं प्राथमिक शाला रातापायली के शिक्षिका मंदा सोनटेके को रातापायली के ग्रामीणों एवं स्कूल स्टाफ के द्वारा विदाई दिया गया। मेहन्दू राम पटेल के 17 वर्षों की शिक्षकीय सेवा एवं मंदा सोनटेके की 14 वर्ष की सेवा विद्यालय में रही है। अपने कर्तव्यनिष्ठ और कर्मठता के साथ विद्यालय के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिए। युक्तियुक्तकरण के तहत दोनो शिक्षकों का स्थानांतरण विकासखंड के अन्य शाला में हुआ है। प्रधान पाठक एम एल साहू ने अपने उद्बोधन में बताया कि शिक्षक का कार्य उत्कृष्ट रहा है उनकी कमी विद्यालय में हमेशा रहेगी। संकुल प्राचार्य एन एल कमरिया ने उक्त दोनों शिक्षकों की कार्य की सराहना की एवं आगे भी नये विद्यालय में इसी तरह कार्य करने की अपेक्षा की। सरपंच उषा साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों ने लंबे समय से हमारे गांव के बच्चों को शिक्षा दिए एवं उनके पढाये हुए बच्चे बहुत आगे बढ़ गये। पूर्व जनपद सदस्य अजय वैष्णव ने शिक्षण कार्यों में समर्पित सेवा की प्रशंसा की । प्रधान पाठक राम मारकंडे ने शिक्षकों के विद्यालय में योगदानकोअविस्मरणीय बताया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष संगीता साहू ने कहा कि शिक्षकों की कार्य उत्कृष्ट रहा है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रधान पाठक महेंद्र बघेल एवं एम डी बंजारे ने भी शिक्षकों के कार्यों की सराहना की। शाला एवं संकुल के शिक्षकों एवं ग्रामीणों द्वारा स्थानांतरित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मान भेंट किया गया। व्यवस्था प्रबंधन एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक संतोष देवांगन ने किया तथा कार्यक्रम संचालन शिक्षक सुन्दर साहू ने किया । इस अवसर पर सरपंच रातापायली उषा साहू, अध्यक्ष संगीता साहू, कुमारी बाई मंडावी, योगेश्वरी साहू, ठगिया कौशिक, पी डी साहू,संकुल प्राचार्य एन एल कमरिया प्रधान पाठक एम एल साहू, महेंद्र बघेल, एम डी बंजारे, श्रीराम मारकंडे, कुंती साहू, पदमनी साहू, शैलेन्द्री निषाद शिक्षक गण एस एल सिन्हा, राजेश सोनकर, अनुराग यदु, मेनका यादव, सुजाता भेलोटकर, केडी मानिकपुरी, राजेश हिचामे उपस्थित थे।उ



## शराब दुकानों के पास अवैध चखना सेंटरों की भरमार

### आबकारी विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव अर्जुनी कोकपुर के सरकारी शराब दुकानों के इर्द-गिर्द फल-फूल रही अवैध चखना दुकानों ने न केवल सामाजिक ताने-बाने को कमजोर किया है, बल्कि कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सतर्कता पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। शाम ढलते ही अवैध चखना दुकानों के पास जाम टकराते हैं, नशे में चूर लोगों की भीड़ सड़कों पर नजर आने लगती है, और यह सब कुछ प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है।

सरकारी शराब दुकानों के आसपास ऐसी 20 से ज्यादा अवैध चखना दुकानें संचालित हो रही हैं, जहाँ शराब परोसना अब आम बात हो गई है। इन दुकानों पर बैठने की व्यवस्था से लेकर 卐गिलास में परोसने卐 तक की सुविधा उपलब्ध है। यह न केवल आबकारी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सब कुछ आबकारी विभाग की जानकारी में है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। कुछ दुकानों को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता है, जबकि अन्य पर नजरें फेर ली जाती हैं। इससे स्पष्ट होता है कि कहीं न कहीं विभाग की मिलीभगत या लापरवाही इस समस्या को बढ़ावा दे रही है। चखना दुकानों के अलावा, डोंगरगांव अर्जुनी कोकपूर के कई होटल और ढाबों में भी शाम ढलते ही शराब परोसी जाती है द्य बिना लाइसेंस के, खुलेआम शराब की खपत की यह प्रक्रिया न सिर्फ अवैध है बल्कि यह आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी बुरे प्रभाव छोड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले युवा इन अड्डों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो भविष्य के लिए चिंता का विषय है।नशे की बढ़ती लत से घरों में कलह, अपराध, और घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगो ने कई बार विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

**अब तक 638.8 मिमी वर्षा दर्ज**

**राजनांदगांव ।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 638.8 मिमी बारिश एवं बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से डोंगरगढ़ तहसील में 106.1 मिमी, घुमका तहसील में 125.5 मिमी, छुरिया तहसील में 72.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 73.5 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 64.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 163 मिमी दर्ज की गई है।

**शुभांक**

**4-6-7**

**470-1 780-5**

**भाग्यांक**

**669-1 ------**


**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ0ग0)**

राजस्व मामला क्रमांक 202505093700058
अ-6 वर्ष 2024-25

**- ईश्तहार-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनय कुमार तिवारी आ. वरूण तिवारी, निवासी मिलचाल, राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगांव मोहल्ला जूनीहटरी स्थित शीट क्रमांक 48 ए. भूखण्ड क्रं. 117/2, क्षेत्रफल 171.00 वर्गमीटर जो धारकगण कंचन प्रसाद मिश्रा आ. गयाप्रसाद मिश्रा, निर्मलादेवी ध. प. वरूण तिवारी, विनय कुमार तिवारी आ. वरूण तिवारी, जूनीहटरी, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारक निर्मलादेवी ध.प. वरूण तिवारी की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर शेष सहधारकगण का नाम यथावत रखे जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 16.07.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच**
**राजनांदगांव**



**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्रमांक-202507291500004
शीर्ष- अ-6 वर्ष 2024-25
क्रमांक 4190/वा. नजूल / 2025
खैरागढ़, दिनांक 03/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती जागृति महोबे पति स्व0 सुखदेव निवासी 48/31 डीएन राय रोड श्यामा बाजार शांतिपुर जिला कृष्णा नगर पश्चिम बंगाल द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला गोलबाजार, ब्लाक नं-06 स्थित भूखण्ड कमांक-455/62/8 क्षेत्रफल 96 वर्गफूट को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 30.03.2025 के माध्यम से अनावेदक श्रीमती सुमन राजपूत पति कोमलेश्वर निवासी वार्ड कमांक-16 खमतराई खैरागढ़ से क्रय किए जाने के परिणामस्वरूप उक्त वादभूमि से विक्रेता का नाम विलोपित कर अपने नाम पर नामांतरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण दर्ज किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति/आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
**खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

## ज्ञान मंथन

*1) माताबेरी पेरा और पचरा, जिन्हें हाल ही में जीआई टैग मिला है, किस राज्य से संबंधित हैं?*
*2) राष्ट्रीय सरस मेला 2025 की मेजबानी कौन सा राज्य कर रहा है?*
*3) भारत का पहला ग्रीन हाइड्रोजन फ्यूलिंग स्टेशन किस शहर में स्थापित किया गया है?*
*4) साल 2025 में पहला खो-खो वर्ल्ड कप किस देश में आयोजित होगा?*
*5) कौन काँगो गणराज्य की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) त्रिपुरा (2) केरल (3) लेह (4) भारत (5) जूडीथ सुमिनवा तुलूका

## कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 में चयनित अभ्यर्थियों द्वारा 4 जुलाई 2025 को सुबह 11.30 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में विद्यार्थियों एवं युवाओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विद्यार्थी एवं युवा लिंक के माध्यम से ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। कार्यक्रम का यू-ट्यूब के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम से लिंक के माध्यम से जुड़ सकते है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं एवं विद्यालयों व महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।



## समितियों में खाद बीज उपलब्ध कराने में सरकार नाकाम - साहू

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** कृषि प्रधान देश के कृषि प्रधान छत्तीस गढ़ राज्य अंतर्गत कृषि प्रधान इस जिले में ट्रिपल इंजन की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार किसानों को खून के आँसू रुला रही है। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कही है। श्री साहू के नेतृत्व में महामहिम राज्य पाल के नाम मांग पत्र भरेगाँव समिति के प्रबंधक सौंपकर किसानों को समितियों के माध्यम से खाद बीज अविलंब उपलब्ध कराने की मांग की है । संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन में कांग्रेस पदाधिकारियों ने खाद बीज की शीघ्र व्यवस्था नहीं होने की दशा में उग्र आंदोलन की मजबूरी बताई है। श्री साहू ने आगे कहा कि किसानों द्वारा लगातार सोसायटी में चक्कर लगा रहे है और धान बोवाई रोपाई कार्य शुरू हो चुका है लेकिन खाद् एवं बीज नहीं मिल रहे है जिससे परेशान होकर किसान, कांग्रेस से आग्रह कर रहे है कि खाद व बीज मिले। तत्काल सभी सोसायटी में खाद् एवं बीज भेजा नहीं जायेगा तो कांग्रेस पार्टी किसानो के साथ उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू, रोहित चंद्राकर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सुग्रीव साहू दिलीप चंद्राकर, तुलदास साहू, योगेश, सुभाष चंद्राकर, बासदेव चंद्राकर, त्रिमुक्त सिन्हा, नीलमणि, कौशल कुमार, संतोष, तजेंद्र वैष्णव, सोमनाथ निषाद, जितेंद्र साहू, खिलावन साहू, झरोखे लाल, नरेंद्र कुमार सहित सुरगी,भरेगांव, सोमनी तीनों गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




# बागेश्वर महाराज का जन्मोत्सव आज

## अपने लाड़ले संत के दर्शन करने देश भर से आ रहे लोग

**छतरपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** पूरी दुनिया में सनातन का डंका बजाने वाले बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का आज जन्मोत्सव है। अपने लाड़ले संत को शुभकामनाएं देने देश ही नहीं विदेश से लोग आ रहे हैं। बागेश्वर धाम में जन्मोत्सव से लेकर गुरू पूर्णिमा महोत्सव तक के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। बागेश्वर महाराज ने अपने सभी प्रेमीजनों से कहा है कि जन्मोत्सव के अवसर पर कोई व्यक्ति उन्हें उपहार न दे। यहां बन रहे कैंसर हॉस्पिटल के लिए एक-एक ईंट का योगदान दे ताकि लोगों को अस्पताल के सहारे जीवन दिया जा सके। वहीं बागेश्वर महाराज पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि वे अपना जन्मदिन शांतिपूर्वक मनाएंगे। धाम पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित किया गया है।

सिद्ध पीठ बागेश्वर धाम में जन्मोत्सव एवं गुरूपूर्णिमा महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियां की गई हैं। मंदिर को अत्यंत रमणीक बनाया गया है। आधुनिक साज-सज्जा से मंदिर परिसर को सजाया गया है। शुक्रवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराजश्री का जन्मोत्सव है इसको ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। समूचे क्षेत्र में जगह-जगह खुले मैदान में पण्डाल लगाए जा रहे हैं ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सुबह से महाराज श्री बालाजी की पूजा अर्चना करेंगे और बालाजी तथा सद्गुरु भगवान सन्यासी बाबा का आशीर्वाद देंगे इसके बाद लोगों से भेंट करेंगे। महाराजश्री के दर्शन करने और उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करने देश-दुनिया से लोग आ रहे हैं।



महाराजश्री ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे उपहार देने के बजाय धाम में बन रहे कैंसर अस्पताल के लिए एक-एक ईंट का सहयोग करें। महाराजश्री ने कहा कि सभी भक्त अस्पताल में अपनी गिलहरी की भूमिका निभाएंगे तो लोगों के कल्याण के बदले उनका भी कल्याण होगा।

**शुद्ध घी से बन रहे व्यंजन, सब्जी-पूड़ी के साथ मिठाई भी मिलेगी**

बागेश्वर धाम में महाराजश्री के जन्मोत्सव के अवसर पर आने वाले लाखों लोगों को शुद्ध घी के व्यंजनों का स्वाद मिलेगा। इस अवसर पर मटर पनीर की सब्जी के अलावा कद्दू की सब्जी, छोले की सब्जी भी मिलेगी। वहीं पुलाव, सूजी का हलवा, खीर जैसे व्यंजन भी श्रद्धालुओं का स्वाद बदलेंगे। बागेश्वर धाम में पूड़ी-सब्जी के साथ-साथ मिठाई के भी बंदोबस्त किए गए हैं। रात से ही सामग्री के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।

**क्षेत्रीय विधायक ने लोगों को खिलाई खिचड़ी**

राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने अपने क्षेत्र में स्थित पावन तीर्थ बागेश्वर धाम में आने वाले हजारों लोगों को गुरूवार को खिचड़ी का प्रसाद खिलाया। बागेश्वर धाम में इस समय गुरू पूर्णिमा महोत्सव चल रहा है। शुक्रवार को महाराजश्री का जन्मोत्सव है। इस अवसर पर लोगों का जनसैलाब धाम में आ रहा है। विधायक श्री पटैरिया ने गुरूवार को लोगों को खिचड़ी खिलाई। शुक्रवार को महाराजश्री के जन्मोत्सव पर मसूर और चने का वितरण करेंगे।

## शिक्षक होना ही गौरव की बात है- के.आर.यादव

### सेवा निवृत्ति पर भावभीनी बिदाई एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय उच्च. माध्य.शाला आलीवारा में व्याख्याता हिन्दी के पद पर पदस्थ कार्तिक राम यादव के सेवा निवृत्ति पर भावभीनी बिदाई एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन शाला परिवार द्वारा किया गया।सेवा निवृत्ति कार्तिक राम यादव व उनके परिवार में धर्म पत्नी मिनाक्षी यादव, ऋतुराज यादव,कांति लाल यादव, अनुश्री यादव को शाला के मुख्य द्वार से शाला परिवार तथाबच्चों के द्वारा पुष्प वर्षा व धुमाल पार्टी के संगीतमय वातावरण के साथ मुख्य मंच तक लाया गया। विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना मुख्य अतिथि कार्तिक राम यादव के कर कमलों से समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ईतवारी राम वर्मा सरपंच आलीवारा ने किया।विशेष अतिथियों में भुजबल साहू, कुंवर लाल सिन्हा,मंगलू राम वर्मा, राधिका साहू, प्रदीप साहू,टीकम पटेल (उप सरपंच)शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण शा.उच्च.माध्य.शाला आलीवारा स्कूल के पालक और ग्रामीण जन उपस्थित थे।अतिथियों के स्वागत के साथ ही सरस्वती वंदना व स्वागत गीत छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रभारी प्राचार्य जे.एल.हूमने ने अतिथियों के प्रति स्वागत भाषण व सेवा निवृत्ति मान अभिनंदन- पत्र का वाचन किया। ग्राम के समस्त शाला परिवारों के द्वारा मुख्य अतिथि कार्तिक राम यादव का विशेष सम्मान किया गया। श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन का आधार होता है और इसके बगैर अपने जीवन के लक्ष्य को पाना संभव भी नहीं है। शिक्षक होना ही गौरव की बात है।शिक्षक जीवन के महत्व व जिम्मेदारी को शाला परिवार से साझा करते हुए अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने की बात रखी और कहा कि बच्चों से जुड़कर रहने से शिक्षक को विशेष सुकुन मिलता है। पंचायत जन प्रतिनिधि गणों,शाला प्रबंधन समिति का शाला के प्रति मधुर संबंध का होना अतिआवश्यक बताया गया। सभा को भुजबल साहू, कुँवर लाल सिन्हा, राधिका साहू आदि ने भी संबोधित किया।प्रभारी प्राचार्य जे.एल.हूमने ने अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। समारोह के बीच छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती ने सबका मन मोह लिया। महिला पंचों में अनिता वर्मा,गीता वर्मा,संगीता,कौशिल्या,राजेश्वरी ,रचना यादव,गायत्री ध्रूवे (पूर्व सरपंच )भी उपस्थित थे। शाला परिवार से पी.के. दिक्षित, तारकेश्वरी जंघेल, , मीता बाबरिया ,मौसमी साखरे, रामेश्वर दशरिया, कु.नेहा वर्मा, फलेश साहू प्र.पा.पू.मा. तोरण दास वैष्णव प्र.पा.प्रा. ,प्रहलाद वर्मा,तेजेस्वर वर्मा,विनोद साहू, सावित्री नायक,मृदुला साहू,लोचन वर्मा,त्रिलोक निषाद आदि ने सेवा निवृत्त व्याख्याता कार्तिक राम यादव के प्रति हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घ आयु की कामना किये हैं।



## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव, बालोद एवं दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव में आयोजित किया गया। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव, बालोद एवं दुर्ग जिले के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा जिले की कृषि पद्धति एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की वार्षिक प्रगति 2024-25 एवं कार्य योजना 2025-26 की प्रस्तुतीकरण किया गया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं से डॉ. नीता खरे द्वारा आवश्यक सुझाव एवं सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों में होने वाले विभिन्न प्रसार गतिविधियों एवं नये-नये तकनीकों का प्रसार-प्रचार अधिक से अधिक करने की आवश्यकता है, जिससे समय पर इसका लाभ कृषकों को मिल सके। साथ ही फसल तैयारी के पूर्व प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना चाहिए। बैठक में कृषकों द्वारा पशुओं में उन्नत नस्ल सुधार के विकल्प कृत्रिम गर्भाधान के बारे में परिचर्चा की गई। इसके साथ ही धान के फसलों में कीट पैनिकल माइल की समस्या के बारे में वृहद परिचर्चा की गई। बैठक में सभी केन्दों, विभागों एवं प्रगतिशील कृषकों द्वारा आवश्यक सुझाव एवं सलाह प्रस्तुत किए गए। बैठक में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं से डॉ. नीता खरे, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दीप्ती झा व डॉ. ज्योति भट्ट, कृषि महाविद्यालय राजनांदगांव के अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन, कृषि महाविद्यालय छुईखदान के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश गुप्ता, उपसंचालक कृषि राजनांदगांव, दुर्ग एवं बालोद से श्री एसएल देशलहरे व श्री राजेन्द्र प्रसाद, पशुपालन विभाग से डॉ. ममता मेश्राम, कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव, बालोद एवं दुर्ग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुजंन झा, डॉ. केआर साहू एवं डॉ. विजय जैन एवं श्री बिसेसर दास साहू, अटारी बोर्ड सदस्य जबलपुर एवं अन्य जिलों के प्रतिनिधि, विषय वस्तु विशेषज्ञ तथा प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

## समय बर्बाद करेंगे तो बड़े अवसर हाथ से निकल जाएंगे

एक आश्रम में एक संत अपने शिष्यों के साथ रहते थे। गुरु का एक शिष्य बहुत आलसी था और वह समय का महत्व नहीं समझता था। जब उसकी शिक्षा का समय पूरा होने वाला था, तब गुरु को लगा कि अगर इस शिष्य को समय की कीमत नहीं समझाई तो इसका जीवन बर्बाद हो जाएगा। इसलिए गुरु ने एक योजना बनाई। गुरु ने शिष्य को एक विशेष पत्थर दिया और कहा कि ये पारस पत्थर है। इसे लोहे की किसी भी वस्तु से स्पर्श करने पर वह सोने में बदल जाएगी। तुम्हारे पास केवल दो दिन हैं। मैं दूसरे गांव जा रहा हूं और दो दिन बाद लौट आऊंगा, तब मुझे ये पत्थर तुम वापस कर देना। शिष्य ने सोचा कि अब उसके पास बहुत बड़ा मौका है। उसने ये ठान लिया कि वह इस पत्थर से बहुत सारा सोना बनाएगा, ताकि जीवन भर उसे मेहनत करने की जरूरत न पड़े, लेकिन जैसे ही गुरु आश्रम से निकले, शिष्य ने सोच लिया कि अभी उसके पास दो दिन हैं तो वह आज आराम करेगा। अगले दिन वह सोना बनाएगा। यही सोचकर वह सो गया। एक दिन आराम करने के बाद अगले दिन शिष्य उठा, फिर उसने सोचा कि पहले थोड़ा खाना लेता हूं, फिर काम करूंगा। भोजन के बाद उसे नींद आने लगी तो उसने सोच लिया कि अब कुछ देर सो लेता हूं, फिर शाम को काम कर लूंगा। जैसे ही शाम हुई, गुरु आश्रम लौट आए और शिष्य से कहा, अब दो दिन पूरे हो गए हैं। अब वह पत्थर मुझे वापस दे दो। गुरु को देखकर शिष्य को अपनी गलती का अहसास हो गया। उसने समय को बर्बाद किया और अब उसके पास कोई सोना बनाने का समय नहीं था। उसे समझ में आ गया कि समय बहुमूल्य है और उसे आलस में बर्बाद करना ठीक नहीं है।



**कथा से सीखें ये 5 सूत्र**

समय की कद्र करें: इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि समय का कोई विकल्प नहीं है। जो वक्त आपके पास है, वह फिर कभी वापस नहीं आएगा। आलस से बचने का सबसे पहला कदम यही है कि आप हर पल का सही उपयोग करें। काम को कल पर न टालें: आलस को दूर करने के लिए यह जरूरी है कि आप हर काम को आज ही पूरा करें, न कि उसे कल पर टाल दें। हर दिन कुछ न कुछ नया करने की आदत डालें। स्मार्ट वर्क और प्रायोरिटी तय करें: हमें यह समझने की जरूरत है कि कभी-कभी हमें आराम करने के लिए भी समय निकालना चाहिए, लेकिन यदि हम कार्यों को पहले से प्राथमिकता दे और उन्हें समय पर पूरा करें तो हमारी मेहनत अधिक प्रभावी होगी। आराम के समय को समझदारी से उपयोग करें: यह जरूरी नहीं कि हमेशा लगातार काम करते रहें। लेकिन आराम के समय का सही उपयोग करते हुए हम अपनी कार्यकुशलता को बढ़ा सकते हैं। आत्ममूल्यांकन और सुधार करें: जैसे ही शिष्य को अपनी गलती का अहसास हुआ, उसी तरह हमें भी समय-समय पर अपने कार्यों का मूल्यांकन करना चाहिए। यह हमें अपनी प्राथमिकताएं समझने और सुधारने में मदद करेगा। जो व्यक्ति समय का मूल्य नहीं समझ पाता, वह आलस में ही घिरा रहता है।

### नहीं मिलता मान-सम्मान, पढ़ाई में चल रही है परेशानीज् गुरु पूर्णिमा पर करें ये उपाय

आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है जो गुरु के प्रति सम्मान का दिन है। इस दिन महर्षि वेदव्यास जी का जन्म हुआ था इसी वजह से इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। गुरु की कृपा से जीवन का अंधेरा मिटता है और परमात्मा का ज्ञान होता है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि बहुत शुभ है। वेदों के रचयिता महर्षि वेदव्यास जी का जन्म इसी दिन होने की वजह से इसे व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस तिथि को गुरु पूर्णिमा भी कहते हैं क्योंकि यह दिन गुरु के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का होता है। पंचांग के अनुसार इस साल गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई को मनाई जाएगी। भगवान से भी ज्यादा महत्व गुरु का होता है। कबीर दास ने इस महिमा को बताने के लिए एक दोहा लिखा था- गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पाय, बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय। इस दोहे का अर्थ है कि गुरु और गोविंद यानी भगवान दोनों एक ही स्थान पर मौजूद हैं। पहले किसके पैर छुएं या सम्मान दें। गुरुदेव आपका बहुत आभार है कि आपने बताया कि भगवान कौन हैं। इस तिथि पर यदि आप अपने गुरु का आदर करते हैं, सम्मान करते हैं, तो आपको भी सम्मान मिलने लगता है। गुरु की कृपा होने से जीवन का अंधेरा मिटने लगता है। गुरु की कृपा से परमात्मा का ज्ञान होने लगता है। उनकी कृपा से ही ज्ञान मिलता है और बुद्धि भी चलने लगती है। इसलिए गुरु का पूजन इस दिन जरूर करना चाहिए। यदि कुंडली में गुरु ग्रह कमजोर स्थिति में होता है, तो व्यक्ति के जीवन में कई प्रकार की समस्याएं आ सकती हैं। उसे धन और विद्या पाने में परेशानी होती है। पाचन तंत्र संबंधी रोग होते हैं और मान-सम्मान में कमी आ जाती है। दांपत्य जीवन में भी मधुरता नहीं रहती है। इसके अलावा धन कमाने में कठिनाई, भाग्य का साथ न मिलना, व्यापार में रुकावटें, और नौकरी में तरक्की न मिलना जैसे लक्षण देखे जा सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि गुरु पूर्णिमा के दिन कुछ उपाय किए जाएं, जिससे इस तरह की परेशानियों



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बेडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा का मैनपाट प्रवास पर्यटकीय विकास को नई दिशा देने पर दिया जोर







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा दो दिवसीय प्रवास पर अंबिकापुर पहुंचे, जहां उन्होंने मैनपाट के विभिन्न पर्यटन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्रीय विकास और पर्यटकों की सुविधा को लेकर अधिकारियों के साथ गहन संवाद भी हुआ। प्रवास के पहले दिन श्री शर्मा ने शैला रिसॉर्ट और कर्मा रिसॉर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों रिसॉर्ट्स में पर्यटक सुविधाओं के त्वरित उन्नयन हेतु उन्नयन कार्य शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक ,महाप्रबंधक एवं अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

प्रवास के दूसरे दिन उन्होंने मैनपाट के प्राकृतिक स्थलों जलजली, मछली पॉइंट, उल्टापानी, टाइगर पॉइंट, बायोडायवर्सिटी नेचर पार्क आदि का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। टाइगर पॉइंट पर जलप्रपात क्षेत्र का विशेष निरीक्षण करते हुए पर्यटक सुविधाएं बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि *बरसात में मैनपाट की वादियाँ अपनी प्राकृतिक भव्यता के चरम पर हैं, और यहां के सौंदर्य को संरक्षित रखते हुए टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परपटिया ग्राम वन समिति की महिलाओं से भेंट कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उनके लाभ की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय सहभागिता को पर्यटन विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया।

## अबैध शराब बिक्री करने वाले अनिल गुप्ता उर्फ पप्पू पर कवर्धा पुलिस की कार्यवाही

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** थाना कवर्धा क्षेत्र में गुप्ता पारा निवासी व्यक्ति द्वारा चोरी-छिपे शराब की अवैध बिक्री एवं परिवहन किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर पुलिस ने सतर्कता बढ़ाते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। 2 जुलाई 2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति शराब से भरी बोरी लेकर रायपुर-राजनांदगांव बायपास तिराहा की ओर जा रहा है।सूचना मिलते ही थाना कवर्धा के सहायक उप निरीक्षक बंदे सिंह मेरावी अपनी टीम के साथ मौके पर रवाना हुए। बताई गई जगह पर घेराबंदी कर संदिग्ध हुलिए के व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसका नाम अनिल गुप्ता उर्फ पप्पू पिता दशरथ लाल गुप्ता उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 14, गुप्ता पारा, कवर्धा होना पाया गया। आरोपी के पास रखी गई प्लास्टिक की बोरी की तलाशी लेने पर 180-180 मिली क्षमता वाली सीलबंद कांच की शीशियों में भरी 32 पाव देशी प्लेन मदिरा, कुल मात्रा 5.760 बल्क लीटर, जिसकी कीमत लगभग 2560 रुपये आंकी गई, बरामद की गई। शराब के संबंध में आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। थाना कवर्धा में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 287/2025 धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला कायम कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना कवर्धा से सहायक उप निरीक्षक ङ्क बंदे सिंह मेरावी, आरक्षक ङ्क धर्मेन्द्र सिंह, संतोष बांधेकर का विशेष योगदान रहा। कबीरधाम पुलिस जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार, नशे की तस्करी और ऐसे तत्वों की हर गतिविधि पर सख्त निगरानी रख रही है।





## महापौर मधुसूदन यादव जी एस पी मोहित गर्ग जी ने दिव्यांग बच्चों का बढ़ाया उत्साह

## सेवाभावी संस्था लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के सेवाभावी संस्था लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी थीम सेवा की राह में 2025- 26 के कदम आगे बढ़ाते हुए व समेकित छेत्रीय केंद्र दिव्यांगजन सशक्तिकरण (निपिड़)सिकंदराबाद सामाजिक न्याय एवं आधिकारिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित ठाकुरटोला स्थित सीआरसी के दिव्यांग बच्चों को मोटिवेशनल पिक्चर तारे जमीन पर दिखाया गया, जिसमें 100 बच्चों एवं उनके परिजनों को लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा सिल्वर स्क्रीन बसंतपुर रोड स्थित गंज मंडी थियेटर पर पिक्चर का आनंद लिया गया । कार्यक्रम को लेकर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के आशीर्वादक पद्मश्री लायन पुखराज बाफना जी के मार्गदर्शन पर अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्यक्रम कराए जाते रहते हैं । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रथम नागरिक महापौर मधुसूदन यादव, लायन अशोक चौधरी, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीआरसी के डायरेक्टर स्मृति महोबिया, एस डी एम खेमलाल वर्मा, लायंस क्लब राजनंदगांव सिटी के अध्यक्ष लायन अमित खंडेलवाल, पीएमजेएफ लायन बृज किशोर सुरजन, सचिव लायन मयंक शर्मा, जोन चेयर पर्सन लायन शारदा तिवारी, निगम चेयरमेन लायन राजा मखीजा, द्वारा दिव्यांग बच्चों को साफा पहनाकर एवं तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया।



तत्पश्चात चाय, बिस्कुट, स्वल्पाहार कराकर थिएटर में प्रवेश कराया गया। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा कार्यक्रम में सहयोगात्मक रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर लायन संजय तेजवानी, दुष्यंत दास, भावेश अग्रवाल, रेखा साहू, नेहा गुप्ता संजय रिजवानी, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, राजेश डागा, हेमंत तिवारी आस्था,अवंत अग्रवाल, ष्टक्रष्ट से चुनमुन मोहंती, फरीदा बेगम, राहुल कुमार, विवेक कुमार, रोशनी मैडम के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व मीडिया के लोग भी उपस्थित रहे।

## देवेंद्र मोहन लाला के निवास पहुंचे विधायक कुंवरसिंह निषाद

**बिटिया निकिता को दी बधाई व शुभकामनाएं**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद व उनकी धर्मपत्नी वैवाहिक कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए



देवेंद्र मोहन लाला पत्रकार के निवास राजनांदगाव पहुंचकर अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान बिटिया निकिता के जीवन मंगलमय के लिए कामना की। इस अवसर पर विशेष रूप से लोक गायक सुनील बंसोड़ उपस्थित थे।


सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092


## टेडेसरा के सरपंच के विरुद्ध फर्जी पट्टा जारी करने की शिकायत कलेक्टर से

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत राजनांदगांव के अंतर्गत टेडेसरा ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच श्रीमती दानी पति देवराज साहू ने वर्तमान सरपंच खिलेश्वर साहू के खिलाफ अपने ( दानी साहू ) के नाम से फर्जी आबादी पट्टा प्रमाण पत्र जारी करने की शिकायत की है। कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को सौंपे गए मांग पत्र में उन्होंने स विस्तार जानकारी देते हुए आरोपी सरपंच के खिलाफ पुलिस में प्राथमिक दर्ज कराने की मांग की। उपरोक्त संदर्भित पट्टा वितरण के संबंध में ज्ञात हो कि में श्रीमती दानी साहू पति देवलाल साहू पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत टेडेरारा हूं। मुझे निर्वाचन की प्रकिया पूर्ण कर सरपंच पद निर्वाचित किया गया था जिसका शपथ ग्रहण दिनांक 11 फरवरी 2020 को



करा कर पदभार ग्रहण कराया गया था। वर्तमान पदस्थ सरपंच खिलेश्वर साहू ग्राम टेडेसरा द्वारा दुर्भावनावश संदर्भित प ?ट्टा को पुरे पंचायत परिक्षेत्र में उक्त प ?ट्टे की प्रति वितरित कर मेरी सागाजिक व राजनैतिक जीवन की छवि को खराब कर बदनाम करने का कार्य किया गया है। जिस कारण नै मानसिक और व्यवहारिक तौर पर आहत हुई हूं। उक्त पट्टे को जारी करने के दिनाक के समय में सरपंच पंद पर पदस्थापित नहीं थी चूंकि में शपथ ग्रहण दिनांक 11 फरवरी 2020 को की थी। इस प्रकार संदर्भित पट्टा शत्रुराम पिता रामाधिन के नाम से वर्तमान पदस्थ सरपंच खिलेश्वर साहू द्वारा साजिश पूर्वक फर्जी प ?ट्टा निर्माण कर प्रचारित कराया गया है जिसका दिनांक 11/05/2019 है इस तिथि में वर्तमान सरपंच खिलेश्वर साहू का ही कार्यकाल था जो उक्त प ?ट्टा मेरे द्वारा जारी किया जाना व्यवहारिक प्रतीत नहीं होता है तथा उस दौरान प्रशासन के द्वारा पंचायत के जन प्रतिनिधियों का आरक्षण भी निर्धारित नहीं किया गया था। इस कृत्य के कारण मेरी लोकप्रियता को समाप्त करने का कार्य किया गया है। मैं अपने सामाजिक व राजनैतिक जीवन काल के दौरान सदा लोकतांत्रिक प्रणाली अनुसार जन कल्याण के कार्य का प्रतिनिधित्व करती रहीं हूं। इसी कल्याण की भावना अनुसार मैं अपने नेतृत्व में न्यु लुक बायो फ्युल्स प्रा. लि. ग्राम फुलार टेडेसरा को पानी देने का विरोध कर कंपनी द्वारा विछाए गए पाईप लाइन को हटाए जाने के लिए शासकीय कार्यवाही हेतु में जिला कलेक्टर के माध्म से ग्रामवासियों की जनभावना के अनुरूप अपने नेतृत्व में शिकायत की हूं ताकि प्राकृतिक संसाधनोंजनकल्याण हेतु कृषि के कार्यों में पानी का उपयोग हो सके।

## सफाई अपनाए बीमारी भगाए जन जागरूकता अभियान प्रारंभ

**महिने भर चलेगा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ जागरूकता मुहिम**



**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन के निर्देश पर जुलाई माह में सफाई अफनाए एवं बीमारी भगाए अभियान के तहत जनजागरूकता मुहिम षुरू हो गया है। नगरीय निकाय क्षेत्र में जुलाई महिने में पुरे माह भर स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आज नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने निकाय के स्वच्छता दीदियो एवं स्वच्छता मित्रो तथा नगर पंचायत कर्मचारियो को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के संदेश का षपथ दिलाया । इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वच्छता कर्मियो से आहवन किया की वे इस मुहिम में स्कूली बच्चो तथा महिलाओ को विशेष रूप से शामिल करे। जिससे हम मुहिम के उद्देश्य एवं शासन के कार्यक्रम को सफल बना सके। इस दौरान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा, पार्षद ईश्वरी ध्रुवे, मुरारी श्रीवास्तव, सीएमओ विजय पांडेय, तिलक यादव, जलील अहमद रब्बानी, मो. सोफू जिलानी, रामकुमार देवागन सहित बडी संख्या में नगर पंचायत की स्वच्छता दीदी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com